

**रमजान का 30वां दिन**

**इफ्तार**
सुन्नी : 6:22
शिया : 6:29

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

**शहर में आज**



- महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इंफार्मेशन तकनीकी में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के तहत विविध कार्यक्रमों का आयोजन 10 :00 बजे।

पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# एलडीए के भूखंड की रजिस्ट्री निकली फर्जी

## कानपुर रोड योजना का मामला, 7 बार हो चुकी है रजिस्ट्री, जनता अदालत में पीड़ित ने लगाई गुहार

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण में फर्जी रजिस्ट्री का एक और फर्जीवाड़ा सामने आया है। कानपुर रोड योजना में एक प्लॉट की मूल रजिस्ट्री ही फर्जी निकली है। इस प्लॉट की 7 बार खरीद-फरोख्त के बाद 13 साल में यह खुलासा हुआ है। पीड़ित ने भूखंड पर निर्माण शुरू कराया तो एलडीए ने उसे नोटिस भेज दिया। अब रजिस्ट्री निरस्त कर घर तोड़ने का आदेश जारी कर दिया है। प्राधिकरण दिवस में फरियाद लेकर पहुंचे पीड़ित विवेक वर्मा ने एलडीए के अधिकारियों के सामने यह दर्द बयां किया।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में एलडीए कॉलोनी निवासी अमरजीत कौर से यह प्लॉट 1.13 करोड़ रुपए में खरीदा था। इसके लिए उन्होंने करीब 1 करोड़ रुपए का बैंक लोन भी लिया। खरीद के बाद जब उन्होंने निर्माण शुरू किया तो एलडीए की ओर से नोटिस मिला। नोटिस के बाद जांच में सामने आया कि जिस प्लॉट की उन्होंने रजिस्ट्री कराई है, उसकी मूल यानी पहली रजिस्ट्री ही फर्जी है। पीड़ित के अनुसार, इस प्लॉट की पहली रजिस्ट्री वर्ष 2011 में हुई थी, जबकि मूल अलॉटमेंट 1987 का है। इसके बाद प्लॉट की कुल सात बार रजिस्ट्री हो चुकी है। हैरानी की बात यह है कि इतने वर्षों तक इस फर्जीवाड़े को एलडीए के अधिकारी नहीं पकड़ पाए। आरोप है कि एलडीए ने उनकी रजिस्ट्री को निरस्त कर दिया है। मकान तोड़ने का आदेश भी जारी कर दिया है। इतना ही नहीं, प्राधिकरण अब उसी प्लॉट की दोबारा रजिस्ट्री करने की प्रक्रिया भी शुरू कर रहा है।



प्राधिकरण दिवस में अधिकारियों से शिकायत करतीं गंगा अपार्टमेंट की आवंटी। अमृत विचार

### गंगा अपार्टमेंट में लिफ्ट खराब, टाइल्स टूटीं

- गोमती नगर विस्तार के सेक्टर 4 स्थित गंगा अपार्टमेंट में लिफ्ट खराब और टाइल्स टूटी हैं। कूड़ा भी नहीं उठ रहा है। दो गुटों की लड़ाई में आवंटी परेशान हैं। जनता अदालत में पहुंचीं महिला आवंटियों ने अधिकारियों से समस्या बताई। उन्होंने अपार्टमेंट में आरडब्ल्यूए का चुनाव करवाने की मांग की। आवंटी सुषमा द्विवेदी, वंदना सिंह और सरिता त्रिपाठी ने बताया कि अपार्टमेंट में 306 फ्लैट हैं, 275 में लोग रह रहे हैं। लेकिन चुनाव न होने से अपार्टमेंट में सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं।

### 12 गांवों के किसान एलडीए के नियम से परेशान

- मोहान रोड के 12 गांवों के किसान एलडीए के नियम से परेशान हैं। एलडीए मोहान रोड के आगरा एक्सप्रेस-वे में वरुण विहार योजना के नाम से आपसी सहमति के आधार पर किसानों से भूमि अधिग्रहित कर रहा है। अनुसूचित जाति की जमीनों पर एलडीए परमीशन के बाद ही बैनामा करा रहा है। इसमें 1359 फसली की रिपोर्ट में वर्ष 1952 के रिकार्ड में ऊसर और बंजर दिखा रहा है। जिससे एलडीए परमीशन निरस्त कर दे रहा है। इस समस्या को लेकर दोना गांव के प्रधान कमलेश कुमार और काश्तकार बालकराम ने गुरुवार को जनता अदालत में अधिकारियों से गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि 12 गांव में लगभग 800 काश्तकार हैं, जिनमें 80 प्रतिशत अनुसूचित जाति के हैं। इस समस्या के लिए 3 महीने से एलडीए के चक्कर लगा रहे हैं। मंडलायुक्त से लेकर जिलाधिकारी के यहां भी शिकायत की गई लेकिन इधर-उधर दौड़ा रहे हैं।



प्रधान कमलेश कुमार

### 300 रुपये वापस लेने के लिए पिता के बाद अब पुत्र लगा रहा चक्कर

- 300 रुपये वापस लेने के लिए पिता के बाद अब पुत्र एलडीए के चक्कर लगा रहा है। जनता अदालत में पहुंचे कृष्णा नगर के मंगला प्रसाद अवस्थी ने बताया कि उनके पिता महेश कुमार अवस्थी व माता इंदिरा अवस्थी ने अलीगंज योजना में 1979 में ईडब्ल्यूएस मकान के लिए आवेदन किया था। दोनों ने 300-300 रुपये आवेदन शुल्क जमा किया था। उस समय मकान की कीमत 10,000 रुपये थी। उन्हें मकान मिला न पैसा वापस हुआ। उन्होंने बताया कि दोनों का पैसा ब्याज सहित वापस लेने के लिए एलडीए के अधिकारियों से मिल रहा हूं।



मंगला प्रसाद अवस्थी

# विधानसभा के बाहर सपा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बस पर चढ़कर नारेबाजी, पुलिस ने हिरासत में लेकर ईको गार्डन भेजा

**अमृत विचारः** समाजवादी छात्र सभा और समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गैस सिलेंडर की किल्लत और बढ़ती महंगाई के विरोध में विधानसभा के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने एलपीजी मतलब लापता गैस लिखे बैनर और पोस्टर लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उनका आरोप था कि आम जनता को समय पर गैस सिलेंडर नहीं मिल रहा और महंगाई लगातार बढ़ रही है।

प्रदर्शन के दौरान कुछ कार्यकर्ता आक्रोश में आकर एक बस पर चढ़ गए और वहीं से नारे लगाने लगे। स्थिति बिगड़ती देख मौके पर मौजूद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उन्हें नीचे उतारा। इस दौरान कुछ प्रदर्शनकारियों ने विरोध जताने के लिए कपड़े भी उतार दिए, जिससे माहौल और तनावपूर्ण हो गया। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया और उन्हें ईको गार्डन भेज दिया। घटना की सूचना मिलते ही अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया गया। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन और तेज किया जाएगा।

### प्रदर्शन करने वाले सपा के पदाधिकारियों पर रिपोर्ट

- समाजवादी छात्र सभा और सपा कार्यकर्ताओं ने गैस सिलेंडर की किल्लत और बढ़ती महंगाई के विरोध में विधानसभा के सामने प्रदर्शन 17 नामजद और 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ हजरतगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने यह कार्रवाई चौकी प्रभारी दारूलसफा शशिकांत सिंह की तहरीर पर की है। नामजद आरोपियों में अंकित यादव निवासी देवरिया, मऊ निवासी आशुतोष यादव, आकाश यादव, कोमल वागी रावत, श्याम कृष्ण यादव निवासी प्रयागराज, शिवांश सिंह निवासी बहराइच, सत्यम कुमार निवासी सीतापुर, प्रीति यादव निवासी औरैया, रिंकी यादव, उमेश यादव निवासी बाराबंकी, जीतू कश्यप निवासी मदेयगंज, रविप्रकाश, प्रमोद यादव, सोनू यादव निवासी बलिया, अजीत सिंह निवासी अलीगंज, अखिलेश निवासी बस्ती, शिवा निवासी अयोध्या हैं। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया लेकिन उन लोगों ने विधानभवन मार्ग को बाधित कर दिया। चौकी प्रभारी ने सभी के खिलाफ बलवा, बिना अनुमति के प्रदर्शन, 7 क्रिमिनल लॉ एंड एमेंडमेंट एक्ट की रिपोर्ट दर्ज करायी है।

**सिटी ब्रीफ**

### दुकान से 7 घरेलू सिलेंडर और रिफिलर बरामद

**अमृत विचार, लखनऊ :** गैस सिलेंडर की कालाबाजारी पर लगाम लगाने के लिए गुरुवार को आपूर्ति विभाग की टीम ने राजधानी की 20 गैस एजेंसियों के शोरूम और गोदाम की जांच की। जिसमें एडीएम आपूर्ति, उपजिलाधिकारी, अपर सिटी मजिस्ट्रेट, जिलापूर्ति अधिकारी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी और निरीक्षक मौजूद रहे। जिलापूर्ति अधिकारी विजय प्रताप सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर महावीर इण्टर कालेज, अलीगंज के निकट एलडी कालोनी की एक दुकान में की गयी जांच में सुरेन्द्र कुमार मूल निवासी मलिहाबाद ग्राम पहाड़पुर के पास से 14.2 किलो के 7 घरेलू सिलेंडर, रिफिलिंग में प्रयोग होने वाले दो लिफ्टर, एक पाइप से भरने वाला रिफिलर एवं कांटा वजन मशीन (घड़ी एवं इलेक्ट्रानिक) बरामद किये। सुरेंद्र कुमार ने पूछताछ में बताया कि वह गैस एंड गजट का हॉकर है। उसके द्वारा रिफिलिंग का कार्य किया जाता है। जिलापूर्ति अधिकारी ने बताया कि सुरेन्द्र कुमार के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत मुकदमा दर्ज कराने की कार्यवाही की जा रही है।

# प्रेरणा स्थल के पास 150 करोड़ से बनेगी पांच मंजिला पार्किंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बसंतकुंज योजना के सेक्टर-जे में 21,216 वर्गमीटर भूमि चिन्हित
- 370 बसें व 400 चार पहिया वाहन खड़े किये जा सकेंगे

अमृत विचार : बसन्तकुंज योजना में राष्ट्र प्रेरणा स्थल के पास शहर की सबसे बड़ी मल्टीलेवल पार्किंग बनेगी। पांच मंजिला इस पार्किंग में एक साथ 370 बसें व 400 से अधिक चार पहिया वाहन खड़े किये जा सकेंगे। पार्किंग के ऊपरी हिस्से में गेस्ट हाउस बनेगा, जिसमें कमरों के साथ ही वीआईपी लाउंज व मीटिंग हॉल का भी प्रावधान होगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा मल्टीलेवल पार्किंग का प्रस्ताव तैयार कराया जा रहा है, जिसे जल्द ही शासन को भेजा जाएगा।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा बसन्तकुंज योजना के सेक्टर-जे में लगभग 65 एकड़ क्षेत्रफल में राष्ट्र प्रेरणा स्थल विकसित किया गया है। उन्होंने बताया कि यहां पार्किंग बनाने का प्रस्ताव तैयार कराया जा रहा है। मल्टीलेवल पार्किंग के निर्माण में लगभग 150 करोड़ रूपये की लागत आएगी। इसके लिए राष्ट्र प्रेरणा स्थल से सटी हुयी 21,216 वर्गमीटर भूमि चिन्हित की गयी है, जो एक तरफ 45 मीटर और दूसरी तरफ 24 मीटर रोड पर है। यहां 2 भूमिगत पार्किंग के साथ ग्राउंड फ्लोर, फर्स्ट फ्लोर व सेकेंड फ्लोर पर पार्किंग स्पेस बनाया जाएगा।



इस तरह की होगी राष्ट्र प्रेरणा स्थल के पास मल्टीलेवल पार्किंग।

# सुगन्धित चावल के बिल और ई-वे बिल पर भेजी जा रही थी 900 पेटी अवैध शराब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विशेष अनुसंधान शाखा ने पकड़ी लाखों की कर चोरी का मामला
- राज्य कर विभाग लखनऊ जोन प्रथम की टीम ने की कार्रवाई

**अमृत विचार :** सुगन्धित चावल के लिए जारी किए गए बिल एवं ई-वे बिल की आड़ में भेजी जा रही पंजाब निर्मित भारी मात्रा में अवैध शराब राज्य कर विभाग, लखनऊ जोन प्रथम ने पकड़ी। 900 पेटी महंगी शराब बरामद की गई। इस अवैध शराब पर बड़ी कर चोरी मिली है।

विशेष अनुसंधान शाखा के एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-2 मनोज कुमार विश्वकर्मा के निर्देश पर राज्य कर विभाग लखनऊ जोन प्रथम की टीम जांच कर रही थी। ग्रेड-2 की टीम ने सचल दल पंचम इकाई के असिस्टेंट कमिश्नर श्यामवीर सिंह ने बीती 18 मार्च की देर रात वाहन संख्या आरजे07जीसी4625 को रोका। प्रपत्रों की जांच में सुगन्धित चावल (एक्साटिक राइस) का परिवहन, पुणे की फर्म द्वारा पंजाब से लोड कर उड़ीसा भेजा जाना दिखाया गया है। चूंकि उड़ीसा में भी चावल का अच्छा उत्पादन होता है तथा पंजाब राज्य से उड़ीसा राज्य के चावल के परिवहन पर अधिकारी को संदेह हुआ। अधिकारी द्वारा रात्रि में ही ट्रक का तिरपाल हटवाकर देखा गया तो गाड़ी में भूसी के पैकेट लदे दिखे। इससे शंका और मजबूत हो गई। अधिकारियों ने उपरोक्त भूसी के दो लेयर पैकेट हटाकर जांच की तो अवैध शराब को भेजे जाने के तरीके पर दंग रह गए। वाहन में बड़ी संख्या में नामचीन ब्रांड की महंगी शराब की बोतलें मौजूद थीं।

वाहन को मीराबाई मार्ग स्थित जीएसटी कार्यालय लाया गया। भौतिक सत्यापन करने पर शराब की 750 एमएल और 250एमएल की बोतलों से भरी लगभग 900 पेटी शराब बरामद की गई। इन शराब की पेटियों में रायल चैलेंज, मैक डावल, तथा इम्पीरियल ब्लू ब्राण्ड की शराब से सम्बन्धित बोतलें बिक्री के लिए ले जाई जा रही थीं। एडीशनल कमिश्नर मनोज कुमार विश्वकर्मा के मुताबिक इसमें शराब निर्माता फर्म का नाम यूनाईटेट स्प्रिट एसएएस नगर मोहाली चण्डीगढ़ पंजाब दर्ज पाया गया। बोतलों पर साफ लिखा है कि यह शराब केवल पंजाब राज्य में बिक्री के लिए अधिकृत हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे में किसी भी दूसरे राज्य को यह शराब बिक्री के लिए नहीं भेजी जा सकती है। चूंकि शराब नॉन-जीएसटी गुड्स है, जिस पर जीएसटी के स्थान पर वैट कर आरोपित होता है। आयातित शराब पर कर की दर/वैट 32.5 प्रतिशत है। इस प्रकार आयातित शराब के मूल्य पर 32.5 प्रतिशत वैट कर की देयता है। राज्य कर अधिकारियों द्वारा जिला आबकारी अधिकारी लखनऊ को भी इस संबंध में सूचना दे दी गई है।



राज्य कर विभाग लखनऊ जोन प्रथम की टीम द्वारा पकड़ी गई अवैध शराब।

# लखनऊ बना प्रथम मंडल, जहां पूर्व सैनिक बने पॉइंट्समैन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 45 पूर्व सैनिकों की तैनाती से परिचालन दक्षता व सुरक्षा को मिलेगा बल

**अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल ने अपने स्टेशनों पर पूर्व सैनिकों को पॉइंट्समैन के रूप में तैनात करने वाला पहला मंडल बनने का गौरव हासिल किया है। प्रथम चरण में 45 पूर्व सैनिकों को विभिन्न स्टेशनों पर नियुक्त किया गया है।

इस पहल के तहत 13 जनवरी 2026 को लखनऊ मंडल ने आर्मी वेलफेयर प्लेसमेंट ऑर्गेनाइजेशन (एडब्ल्यूपीओ) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे, जिसका उद्देश्य पूर्व सैनिकों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना था। चयनित कार्मिकों को रेलवे प्रशिक्षण केंद्र गोंडा में 30 दिनों से अधिक अवधि का व्यापक प्रशिक्षण दिया गया। अंतिम मूल्यांकन में सफल होने के बाद इन पूर्व सैनिकों को स्टेशनों पर तैनात किया गया।



लखनऊ मंडल में नियुक्त पूर्व सैनिक पॉइंट्समैन के साथ मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल।

### महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाएंगे पूर्व सैनिक

- तैनात किए गए कार्मिक शंटिंग कार्य, लोड स्थिरीकरण, ट्रेन पायलटिंग तथा स्टेशन मास्टर को दैनिक संचालन में सहयोग जैसे अहम कार्यों का निर्वहन करेंगे। यह कदम रेलवे के बढ़ते नेटवर्क और स्टाफ की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है, जिससे परिचालन दक्षता और सुरक्षा में सुधार होगा। मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने विश्वास जताया कि पूर्व सैनिकों की अनुशासित कार्यशैली रेलवे के लिए लाभकारी सिद्ध होगी। कार्यक्रम में सफल प्रशिक्षुओं को प्रमाणपत्र भी वितरित किए गए।

# 2990 परिसरों की जांच, 146 में पकड़ी गई बिजली चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं पर सख्ती

**अमृत विचार:** प्रदेश में ऊर्जा विभाग ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं के परिसरों में सघन जांच अभियान शुरू कर दिया है। निगेटिव बैलेंस के चलते प्रदेश में करीब 5.79 लाख बिजली कनेक्शन स्वतः कट चुके हैं, लेकिन इनमें से लगभग 2.6 लाख उपभोक्ताओं ने अब तक रिचार्ज नहीं कराया है।

बिजली चोरी की आशंका को देखते हुए गुरुवार शाम 5 बजे तक मध्यांचल, पूर्वांचल, दक्षिणांचल, पश्चिमांचल और केस्को-कानपुर वितरण निगमों के अंतर्गत कुल 2990 परिसरों की जांच की गई। इस दौरान 146 परिसरों में बिजली चोरी पकड़ी गई। पावर कारपोरेशन प्रबंधन के अनुसार सभी दोषी उपभोक्ताओं के खिलाफ धारा-135 और 138-बी के तहत एफआईआर दर्ज कर दंडात्मक कार्रवाई और जुर्माना लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।





विभाग ने उपभोक्ताओं को चेतावनी दी है कि कनेक्शन कटने के बाद बिना रिचार्ज बिजली का उपयोग करना गंभीर अपराध है। यदि बैलेंस निगेटिव होने पर आपूर्ति बाधित हो जाती है तो उपभोक्ता कुल बकाया का कम से कम 50 प्रतिशत रिचार्ज कर तीन दिनों के लिए अस्थायी बहाली पा सकते हैं। इस अवधि में शेष राशि जमा कर बैलेंस को पॉजिटिव करना अनिवार्य होगा। निदेशक (वाणिज्य) प्रशांत वर्मा ने बताया कि स्मार्ट मीटर प्रणाली पूरी तरह सुरक्षित और पारदर्शी है। उपभोक्ताओं को बैलेंस 30 प्रतिशत, 10 प्रतिशत और शून्य होने पर एसएमएस के जरिए लगातार अलर्ट मिलता रहता है। रिचार्ज के लिए यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐप, आधिकारिक वेबसाइट, भीम, फोनपे, गूगल पे जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म और विभागीय काउंटर उपलब्ध हैं।

आमतौर पर रिचार्ज के कुछ ही मिनटों में बिजली बहाल हो जाती है, वहीं तकनीकी कारणों से इसमें अधिकतम दो घंटे भी लग सकते हैं। यदि इसके बाद भी आपूर्ति बहाल न हो तो उपभोक्ता 1912 पर संपर्क कर सकते हैं।

**कला संस्कृति**

राय उमानाथ बलि प्रेक्षागृह में हुआ मंचन

# अहं कृष्ण : अस्मि ने ईश्वर को संघर्षशील मानव के रूप में दर्शाया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः नाट्य संस्था भरत रंग और उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को राय उमानाथ बलि प्रेक्षागृह में संस्कृत नाटक अहं कृष्णः अस्मि का मंचन किया गया। चन्द्रभाष सिंह द्वारा लिखित और निर्देशित तथा डॉ. आनंद कुमार दीक्षित द्वारा संस्कृत में अनुदित यह नाटक डॉ. उपासना दीक्षित के मार्गदर्शन में हुई 15 दिवसीय कार्यशाला में तैयार किया गया। अहं कृष्णः अस्मि यानी मैं कृष्ण हूं एक विचार प्रधान नाटक है। इसमें कृष्ण के जीवन को केवल एक ईश्वर के रूप में नहीं बल्कि एक संघर्षशील मानव के रूप में प्रस्तुत किया गया। नाटक का सूत्रधार स्वयं कृष्ण बनकर दर्शकों से संवाद करता है और बताता है कि उनका जीवन जन्म से ही संघर्षों से भरा था।

नाटक की शुरुआत कृष्ण के जन्म से होती है, जब अत्याचारी राजा कंस के भय से उनका जीवन संकट में पड़ जाता है। जन्म लेते ही उन्हें माता-पिता से दूर गोकुल भेज दिया जाता है। बाल्यकाल में भी उन्हें अनेक असुरों और संकटों का सामना करना पड़ा, लेकिन वे धर्म और न्याय की रक्षा करते हैं। युवावस्था में कृष्ण केवल एक नायक नहीं, बल्कि एक नीति-पुरुष के रूप में सामने आते हैं। वे अत्याचार के विरुद्ध खड़े होते हैं, कंस का अंत करते हैं और समाज को अन्याय से मुक्त करने का प्रयास करते हैं। महाभारत के युद्ध में भी कृष्ण स्वयं शस्त्र नहीं उठाते लेकिन धर्म की स्थापना के लिए अर्जुन का मार्गदर्शन करते हैं।

नाटक का मुख्य संदेश यह है कि कृष्ण केवल पूजा करने योग्य ईश्वर नहीं हैं, बल्कि संघर्ष, धैर्य, नीति और कर्तव्य के प्रतीक हैं। नाटक के अंत में कृष्ण स्वयं कहते हैं कि उन्हें भगवान बनाकर केवल पूजना ही नहीं चाहिए, बल्कि उनके संघर्ष और आदर्शों से सीख लेकर जीवन में उतारना चाहिए। नाटक में मुकुल कुमार, उज्ज्वल सिंह, आयुष प्रजापति, लावण्या बाजपेई, प्राची बाजपेई, दीक्षा शर्मा, लता बाजपेई, जूही कुमारी, सौरभ शुक्ला, श्यामबाबू वर्मा, केके पाण्डेय, अनूप जायसवाल, प्रेम कुमार, प्रवीश अवस्थी, समीर बागची, पीयूष गोस्वामी, अनन्या सिंह, अनन्या अगवाल और अनन्या वर्मा ने सराहनीय अभिनय किया।



नाटक का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### कूड़ा फेंकने के विरोध पर नगर-निगम कर्मी को पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ:** अमीनाबाद इलाके में सफाई के बाद कूड़ा फेंकने से टोकने पर नगर निगम के सुपरवाइजर को पीटा। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। अमीनाबाद हाता कबीर मोहम्मद खान निवासी मनीष भारती नगर निगम में सुपरवाइजर हैं। पीड़ित ने बताया कि मंगलवार सुबह वह ठाकुरगंज अहरी टोला में सफाई कार्य करा रहे थे। सफाई होने के बाद एक महिला कूड़ा गली में कूड़ा फेंकने लगी। पीड़ित ने विरोध किया। इसपर महिला कुछ ही देर बाद घर से तीन पुरुष को लेकर पहुंची। महिला और उसके परिवारीजनों ने मनीष को पीट दिया। स्थानीय लोगों ने मामला शांत कराया। पीड़ित ने आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर अमीनाबाद सुनील आजाद ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### उल्टी दिशा में गुजरने पर राइडर को पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ:** ठाकुरगंज इलाके में सड़क पर उल्टी दिशा में गुजर रहे फूड डिलीवरी ब्वॉय व उसके साथियों ने राइडर को पीट दिया। वीडियो बनाने पर मोबाइल फोन तोड़ दिया। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। वजीरगंज हसन अपार्टमेंट निवासी अहमद हुसैन रिजवी ने बताया कि बुधवार दोपहर वह दौलतगंज से महानगर जा रहे थे। कला कोठी के पास कुड़ियाघाट की ओर से फूड डिलीवरी ब्वॉय बाइक से सड़क पर उल्टी दिशा से गुजर रहा था। पीड़ित ने उसका विरोध किया। कहासुनी के दौरान आरोपी के अन्य साथी पहुंच गए। गाली-गलौज के दौरान आरोपियों ने पीड़ित को पीट दिया। पीड़ित ने समीम, साकिब व तीन अन्य लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### पुश्तैनी जमीन पर दबंगों ने किया कब्जा

**अमृत विचार, गोसाईगंज:** गोसाईगंज के कासिमपुर बिरुहां में अनुसूचित जाति की महिला मंजू गौतम की पुश्तैनी भूमि पर 9 मार्च को दबंगों ने कब्जा कर लिया। आरोप है कि दबंग अजय यादव, सूरज, गोलू शर्मा समेत 20-25 लोगों ने महिला व परिवार को लात-घूसों व डंडों से बुरी तरह पीटा। विरोध करने पर जातिसूचक गालियां दी। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी। जिस पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। घटना में मंजू, उनकी जेठानी सुनीता व बेटी सोनम को गंभीर चोटें आई हैं। इंस्पेक्टर गोसाईगंज दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### किसान ने फंदा लगाकर दी जान

**अमृत विचार, काकोरी:** काकोरी के घुरघुरी तालाब स्थित ग्वालापुर गांव में किसान लल्लन यादव (50) ने फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस के मुताबिक ग्वालापुर गांव निवासी लल्लन यादव ने कमरे में पंखे में फंदे से लटककर जान दे दी। परिवार के लोग काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुलने पर अंदर पहुंचे। दरवाजा खोलने पर लल्लन यादव को फंदे से लटका देख परिजन के होश उड़ गए। आनन-फानन में स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें नीचे उतारा गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है। कमरे में कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिवार में एक बेटा (12) और एक बेटी (10) है।

### 15 से पहले लगवा लें एचएसआरपी

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश के समस्त वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) का लगाया जाना अनिवार्य किया जा चुका है। इस संबंध में परिवहन विभाग द्वारा नेशनल इंफारमेटिक्स सेंटर के माध्यम से पीयूसीसी पोर्टल में तकनीकी व्यवस्था विकसित कर दी गई है। ऐसे में जिन वाहनों में एचएसआरपी नहीं लगी होगी उन्हें 15 अप्रैल, 2026 से वाहनों का प्रदूषण प्रमाण-पत्र (पीयूसी) नहीं मिल सकेगा। यह जानकारी अपर परिवहन आयुक्त (राजस्व) डॉ आरके विश्वकर्मा ने दी है। उन्होंने बताया कि समय से आमजन अपने वाहनों पर एचएसआरपी हर हाल में लगवा लें।

### सहेली से मिलने जा रही युवती से छेड़छाड़

**अमृत विचार, मोहनलालगंज:** मोहनलालगंज के एक कालोनी निवासी युवती ने बताया 4 मार्च को होली के दिन दोपहर में मऊ गांव में अपनी सहेली के घर जा रही थी। तभी रास्ते में खड़े शराब के नशे में धुत अज्ञात चार पांच लोगो दौड़ते हुये आये और रंग लगाने के बहाने मुझे पकड़ लिया। अश्लील हरकत करते हुये मुझे जबरन घसीटकर कुछ दूर पर स्थित कब्रिस्तान की तरफ ले गये। वहां मुझे गिराकर दुष्कर्म का प्रयास किया। किसी तरह वहां से भाग निकली। युवती के मुताबिक मऊ गांव का राजू यादव, किशन यादव आरोपियों में शामिल था। पीड़िता ने बुधवार को थाने में तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी है

# दुष्कर्म के विरोध में मौसा ने किशोरी को गोमती नदी में फेंका, शव बरामद

## वारदात के बाद आरोपी ने कॉल कर अपहरण की बताई मनगढ़ंत कहानी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सीसीटीवी कैमरे ने खोली पोल सख्ती पर गुनाह कबूला
- मड़ियांव पुलिस ने एसडीआरएफ की मदद से शव किया बरामद
- फॉरेंसिक जांच के लिए भेजी गयी स्लाइड व अन्य साक्ष्य

**अमृत विचार:** राजधानी में एक बार फिर रिश्ते शर्मसार हुए हैं। मड़ियांव में दुष्कर्म के विरोध करने पर मौसा ने किशोरी को घैला पुल के पास गोमती नदी में फेंक दिया। फिर अपहरण की झूठी कहानी पुलिस को सुनाई। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तो आरोपी की गढ़ी हुई कहानी की तस्वीर साफ हुई। पुलिस ने पकड़ कर पूछताछ की गई तो किशोरी को गोमती में फेंकने की बात कही। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो किशोरी की चप्पलें और कपड़े मिले। इसके बाद पुलिस ने एसडीआरएफ की मदद ली। दोपहर में किशोरी का नग्न हालत में शव गोमती में मिला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दुष्कर्म की पुष्टि के लिए डॉक्टरों ने स्लाइड बनायी है। एडीसीपी उत्तरी ऋषभ रूणवाल ने बताया कि डॉक्टरों से विधिक राय ली जा रही है। स्लाइड व अन्य साक्ष्य फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिए हैं।

कपड़े की फेरी लगने वाले व्यक्ति परिवार संग मड़ियांव स्थित ससुराल में रहता है। वर्ष 2016 में पत्नी किसी के साथ चली गई थी। जिसके बाद से बेटा व बेटी को उनकी मौसी माल रही थी। मौसी ने करीब एक साल पहले उत्तराखंड निवासी व्यक्ति से आर्य समाज से शादी की थी। तब से कुलदीप भी ससुराल में रहने लगा और पेंटिग का काम करने लगे। उसकी नौ माह की एक बेटी है। बुधवार रात मौसा के अचानक तबीयत बिगड़ गई तो वह अस्पताल जाने लगा। इस दौरान उनके साथ नाबालिग भतीजी बाइक से अस्पताल चली गई।

करीब आधा घंटे बाद मौसा ने भतीजे को फोन कर बताया कि कार सवार कुछ लोगों ने उसका पीछा किया। उसे मारपीट कर भतीजी को अपने साथ ले गए। सूचना मिलते ही परिवार के लोग बताए गए स्थान घैला पीपा पुल के पास पहुंचे। कुछ दूरी पर मौसा नशे की हालत में पड़ा मिला, जबकि आसपास किशोरी के कपड़े और अंडरगार्मेंट्स पड़े थे। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने एसडीआरएफ की मदद से गोमती नदी में सर्च आपरेशन चलाया, लेकिन रात में किशोरी का कोई पता नहीं चला।

गुरुवार सुबह करीब 9 बजे घैला पुल स्थित नदी किनारे उसका नग्न शव मिला। मौसा ने पुलिस को बताया था कि वह किशोरी को ऑटो से लेकर जा रहा था, लेकिन सीसीटीवी फुटेज में दोनों बाइक से जाते हुए दिखे। आसपास के कैमरों में किसी कार की मौजूदगी नहीं मिली। कलई खुलने पर पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने सच्चाई कबूल दी। भाई की तहरीर पर पुलिस ने दुष्कर्म और हत्या की रिपोर्ट दर्ज आरोपी मौसा को पकड़ लिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण डूबना आया है। आरोपी ने गुनाह कबूल कर लिया है।

### पुल के पास मिले कपड़े और चप्पल

- पुलिस ने बताया कि घैला पीपे के पुल स्थित गोमती नदी किनारे किशोरी की चप्पल, सल्वार समेत अन्य कपड़े पुलिस को मिले। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम के साथ किशोरी की तलाश कर रही थी। तभी गोमती नदी में किशोरी का शव उतराता हुआ मिला। किशोरी के घुटने पर रगड़ के भी निशान मिले हैं।

### इंस्टाग्राम से मिले थे मौसा-मौसी

- मृतका की मौसी ने बताया कि करीब दो साल पहले इंस्टाग्राम पर आरोपी से बातचीत होती थी। इस दौरान दोनों एक-दूसरे से शादी करना चाहते थे। किशोरी की मौसी ने आरोपी से घर आने की बात की। वह उसके घर आया और परिवार के लोगों से बातचीत की। दोनों एक दूसरे को पसंद करते थे। सावन माह में किशोरी और उसकी मौसी उत्तराखंड आरोपी के गांव गई थी। इसके बाद दोनों ने आर्य सामाज से शादी कर ली। उसके बाद आरोपी भी पत्नी के साथ अपनी ससुराल में रहने लगा।

### मौसी बोली चाल-चलन खराब था मौसा का

- मृतका की मौसी ने बताया कि शादी के बाद वह आरोपी के साथ वह उत्तराखंड गई थी। वहां पर कुछ दिनों तक दोनों रूके भी थे। इस दौरान कुलदीप ने एक महिला से छेड़छाड़ की थी। जिसको लेकर महिला के परिजन से आरोपी का विवाद हुआ था। इस बात से नाराज परिजन ने आरोपी को वहां से भागा दिया था। जब पत्नी ने आरोपी के विषय में जानकारी कि तो उसे पता चला कि उसका चाल-चलन ठीक नहीं है। जिसके चलते पहले कई बार आरोपी ने मोहल्ले की महिलाओं और युवतियों के साथ छेड़छाड़ की। शादी के बाद भी आरोपी मोहल्ले की महिलाओं और लड़कियों से छेड़छाड़ करता था। जिसका पत्नी विरोध करती थी।

# बेकाबू कार की टक्कर से साइकिल सवार बुजुर्ग की मौत, प्रदर्शन



घटना के बाद प्रदर्शन करते आक्रोशित परिजन व ग्रामीण (इनसेट में) मृतक रमेश चौधरी। अमृत विचार

संवाददाता, आलमबाग

- आरोपी चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पकरी पुल पर हुआ हंगामा
- आशियाना इलाके की घटना, बेटे की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** आशियाना स्थित पकरी पुल के पास बुधवार रात बेकाबू कार की टक्कर से साइकिल सवार गवर्नमेंट प्रेस के रिटायर्ड कर्मी की मौत हो गयी। हादसे के बाद चालक कार लेकर मौके से भाग निकला। आक्रोशित परिजन व स्थानीय लोगों ने देर रात सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। हंगामे की सूचना पर आशियाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस कार के बारे में जानकारी जुटा रही है।

सेक्टर-एच निवासी रमेश चौधरी (68) गवर्नमेंट प्रेस से रिटायर्ड थे। परिवार में पत्नी पावना, बेटा अभिषेक और बेटी पकरी है। बेटे अभिषेक ने बताया कि बुधवार रात करीब 9 बजे पिता साइकिल से सब्जी मंडी खरीदारी करने गए थे। वापस लौटते समय जैसे ही वे वंश क्लीनिक के पास पहुंचे, तभी पीछे से बेकाबू कार ने साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज की रमेश साइकिल से उछलकर करीब बीस फुट दूर जा गिरे। हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद चालक कार लेकर मौके से भाग निकला।

हादसा देखकर आसपास के लोग मदद के लिए दौड़े। मोहल्ले के लोगों ने रमेश को पहचान लिया और उनके घर जाकर घटना की जानकारी दी। जानकारी मिलते ही बेटा अभिषेक मौके पर पहुंचा। पिता को लहूलुहान हालत में देखकर पड़ोसियों की मदद से लोकबंधु अस्पताल लेकर पहुंचा। वहां डॉक्टरों ने रमेश को देखते ही मृत घोषित कर दिया। बुजुर्ग की मौत की खबर मिलते ही परिजन व स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। गुस्साए लोगों ने कार चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पकरीपुल चौराहा रोड जाम कर दिया।

हंगामे की सूचना पर आशियाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आरोपी कार चालक की गिरफ्तारी का आश्वासन देकर प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। उसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह ने बताया कि अभिषेक की तहरीर पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।



सीज की गई स्टंटबाजों की बाइक। अमृत विचार

# स्टंट बाइकर्स के खिलाफ चला अभियान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बाराबंकी से आए लड़के-लड़कियों के गुट की नौ बाइक सीज
- बिना नंबर की फर्राटा भर रही थार को भी किया सीज
- जनेश्वर मिश्रा पार्क, 1090, गोमतीनगर समेत अन्य इलाकों में चला अभियान

**अमृत विचार:** स्टंट कर अपनी व दूसरों की जान से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कमिश्नरेट पुलिस ने कड़ा रूख अपनाया है। जनेश्वर मिश्र पार्क, जी-20 और अन्य इलाकों में सड़कों पर फर्राटा भरते और स्टंट कर दहशत फैलाने वाले युवकों पर गुरुवार तड़के पुलिस ने शिकंजा कसा। वहीं, देर रात 1090, हजरतगंज इलाके में चेकिंग हुई। पुलिस ने इस अभियान के तहत 62 से अधिक बाइक को सीज किया है। इसमें बाराबंकी से स्टंट की रील बनाने वाले युवक भी शामिल हैं।

15 मार्च को जनेश्वर मिश्र पार्क गेट नंबर-5 के पास स्टंट में गोमतीनगर के विशेषखंड निवासी इंटर के छात्र नैतिक (17) की मौत हो गयी थी। उक्त घटना के बाद पुलिस की जमकर फजीहत हुई। जिसके बाद पुलिस आयुक्त अमरेंद्र कुमार सेंगर ने अभियान चलाकर स्टंट व रैश ड्राइविंग पर लगाम लगाने के निर्देश दिए। जनेश्वर मिश्र पार्क के आसपास गुरुवार सुबह स्टंटबाज युवक लड़कियों को बैठाकर रील बनाते हुए मॉडिफाइड बाइकों को उड़ा रहे थे। सभी लोग बाराबंकी से सिर्फ स्टंट करने के लिए आए थे।

इंस्पेक्टर गोमतीनगर विस्तार सुधीर कुमार अवस्थी ने बताया कि पुलिस ने घेराबंदी कर सभी को पकड़ लिया। कार्रवाई कर पांच बाइक सीज कर दी। इसके अलावा फर्राटा भर रहे रेसर चार बाइक और एक थार को सीज किया गया। इसके अलावा 1090 चौराहा, हजरतगंज में भी चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस ने स्टंटबाजी और रेसिंग में लिप्त 40 से अधिक बाइकों को सीज किया। साथ ही कई युवकों के चालान भी किए गए और सख्त चेतावनी दी गई। इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह ने बताया कि चेकिंग के दौरान पकड़ी गई अधिकांश बाइकों में साइलेंसर से छेड़छाड़ कर तेज आवाज निकाली जा रही थी।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** किसानपथ पर गुरुवार को विपरीत दिशा में जा रहे बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक को गोसाईंगंज पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। कानपुर देहात के अकबरपुर निवासी राज नारायण (45) गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे मोटरसाइकिल से चिनहट की ओर जा रहे थे। किसान पथ पर दुलारमऊ के पास सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार राज नारायण उछलकर डिवाइडर से टकरा गए। सिर पर चोट लगने से वे बुरी तरह घायल हो गए। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। घटना देख राहगीर व ग्रामीण मदद के लिए दौड़े।

ग्रामीणों की सूचना पर गोसाईंगंज पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायल राज नारायण को गोसाईंगंज सीएचसी पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। तलाशी के दौरान जेब से मिले आधार कार्ड और मोबाइल फोन से पुलिस ने परिजन को सूचना दी। जानकारी मिलते ही परिवारवाले लखनऊ पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# रेलकर्मी के हाथ-पैर बांधकर कार में किया बंद, 15 लाख कराए ट्रांसफर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- नशे की लत के चलते भाई, चाचा व रिश्तेदारों ने नशा मुक्ति केंद्र में कराया था भर्ती
- पीड़ित ने गाजीपुर थाने में दर्ज करायी थी रिपोर्ट

**अमृत विचार:** छत्तीसगढ़ में तैनात रेलकर्मी ने भाई, चाचा व अन्य रिश्तेदारों के खिलाफ बंधक बनाकर मारपीट व धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज करायी है। आरोप है कि नशे की लत के चलते उसकी मानसिक स्थिति खराब थी। इलाज के बहाने आरोपियों ने पीड़ित के हाथ-पैर रस्सी से बांधकर कार में बंधक बनाकर पीटा और खाते से 15 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। इंदिरानगर के नशा मुक्ति केंद्र व गोरखपुर में कुछ दिन इलाज कराकर मानसिक चिकित्सालय विलासपुर छोड़कर फरार हो गए। गाजीपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मूल रूप से संतकबीर नगर निवासी 30 वर्षीय रेलकर्मी सुजीत कुमार यादव छत्तीसगढ़ के कोरबा स्थित रेलवे स्टेशन बड़वारानी में तैनात हैं। पीड़ित ने बताया कि नशीली दवा व इंजेक्शन के चलते मानसिक स्थिति शराब हो रही थी। 15 सितंबर 2025 को बड़ा भाई मंजीत कुमार यादव, चाचा शैलेंद्र यादव, गोविंद यादव व अन्य रिश्तेदारों उसे इलाज के लिए लखनऊ लेकर आए थे। आरोप है कि आरोपियों ने हाथ-पैर बांधकर शैलेंद्र की कार की डिग्गी में बंद कर दिया था। विरोध करने पर गाली-गलौज कर डंडे से पीटा था।

यही नहीं मंजीत ने स्वर्गीय मां के जमा रुपये में से 15 लाख पीड़ित के मोबाइल से ट्रांसफर करा लिए थे। बहाने से उसे एहसास नशामुक्ति केन्द्र एवं सहपुनर्वास केन्द्र इंदिरानगर में भर्ती कराया। उसके बाद गोरखपुर में सिर्फ दस दिन रखकर इलाज कराया। फिर राज्य मानसिक चिकित्सालय विलासपुर में छोड़कर चले गए। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों की पिटाई से वह घायल हुआ था। पीड़ित ने गाजीपुर थाने में भाई मंजीत कुमार यादव, चाचा शैलेंद्र यादव, गोविंद यादव व अन्य रिश्तेदारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर गाजीपुर राजेश कुमार मौर्य ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# किसान के घर डकैती के मामले में चार और गिरफ्तार

**अमृत विचार, मोहनलालगंज:** मोहनलालगंज के भैदुआ में किसान के घर डकैती के प्रयास में आरोपियों ने अपने ही साथी को गोली मार दी थी, जिन्हें पुलिस ने मुठभेड़ के बाद आरोपियों गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस मामले में फरार चल रहे चार आरोपियों को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मोहनलालगंज के भैदुआ में किसान गंगाराम के घर 24 मार्च 2025 को डकैती डालने पहुंचे बदमाशों ने अपने ही साथी सुशील चौहान निवासी दम्मन बेलवा, सीतापुर को गोली मार दी थी। बदमाश मौके से शव उठा ले गए थे और गोपालखेड़ा में हादसा दिखाने के लिए शव को रेलवे पटरी पर रख दिया था। इससे शव क्षत विक्षत हो गया था। दो दिन अलग-अलग हुई मुठभेड़ के बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। निगोहां पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 8 मार्च को उप्र गिरोह बंद समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज किया था।

### दबंगों ने परिवार पर किया हमला, पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार, काकोरी:** काकोरी के सकरा गौरी गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक परिवार पर हमला किया गया। पीड़ित मनोज कुमार के अनुसार, घर पर निर्माण कार्य के दौरान सुमित ने गाली-गलौज की और विरोध पर अपने भाई सुशील, बुद्धू व राज के साथ मिलकर लाठी-डंडों व धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में रामकली व ज्योति समेत कई लोग घायल हुए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है, पुलिस जांच कर रही है।

# बदला लेने के लिए की थी दामाद की हत्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** आशियाना सेक्टर-आई में दामाद विष्णु यादव (31) की हत्या में पुलिस ने अधिवक्ता ससुर, सास व चार सालियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जांच में सामने आया कि बेटी साक्षी के प्रेम विवाह से परिजन नाराज थे। चार साल से विष्णु को सबक सिखाने की साजिश रच रहे थे। इसी के तहत उसे करीब दो साल पहले नाबालिग साली को अगवा करने व पॉक्सो एक्ट में जेल भी भिजवाया था। इसके बाद भी वे उससे बदला लेने की पटकथा तैयार कर रहे थे। साजिश के तहत आरोपियों ने 17 मार्च को गिले-शिकवे खत्म करने के बहाने बेटी व दामाद को बुलाया था। उसके बाद सभी ने मिलकर लकड़ी के पावे से पीटकर हत्या कर दी। आरोपी हाथ-पैर बांधकर वारदात की चश्मदीद बेटी साक्षी और डेढ़ साल की बेटी को भी मौत के घाट उतारने वाले थे, लेकिन इससे पहले पुलिस पहुंच गयी थी। पुलिस वारदात में शामिल चचिया ससुर की तलाश में दबिशें दे रही है।

एसीपी कैंट अभय प्रताप मल्ल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में तीर्थ राज सिंह, उनकी पत्नी सरोज देवी, बेटी राधा सिंह, रत्ना सिंह, ज्योति सिंह और विधि सिंह हैं। उन्होंने बताया कि 17 मार्च की रात सेक्टर-आई स्थित मकान में हत्या की सूचना डायल-112 पर मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को घर के अंदर खून से लथपथ विष्णु यादव निवासी ग्राम पीथापुर सांगीपुर प्रतापगढ़ का शव मिला। आसपास खून बिखरा था। सिर और शरीर पर गहरे चोट के निशान थे।

पुलिस कमरे में पहुंची तो मृतक की पत्नी साक्षी सिंह मिली। उसके हाथ-पैर व मुंह बंधे थे और चोट के निशान थे। पुलिस ने उसे बंधनमुक्त कराया। जिसके बाद चश्मदी साक्षी ने बताया कि चार वर्ष पूर्व उसने विष्णु से प्रेम विवाह किया था, जिससे उसका परिवार नाराज रहता था। ससुराल वालों ने मिलने के बहाने से बुलाया था। वे पहुंचे तो घरवालों ने मारना शुरु कर दिया। साक्षी के हाथ-पैर व मुंह बांधकर कमरे में बंद कर दिया। उसके बाद पिता तीर्थराज सिंह, मां सरोज, चाचा यज्ञनारायण उर्फ नन्हे और बहनों राधा, रत्ना, ज्योति व विधि ने मिलकर विष्णु की लकड़ी के पावे से मार-मार हत्या कर दी थी। इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि हत्या के बाद सभी आरोपियों ने कपड़े बदल लिए थे, ताकि खून के निशान छिपा सकें। पुलिस ने मृतक के पिता छेदी यादव की तहरीर पर बहू के माता, पिता, चार बहनों और चाचा के खिलाफ हत्या, मारपीट, गाली-गलौज व धमकी की रिपोर्ट दर्ज की थी।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी परिवार के सदस्य। अमृत विचार

- घर में घुसी आशियाना पुलिस तो हाथ-पैर व मुंह बांधकर बंधक मिली मृतक की पत्नी
- सास, ससुर व चार सालियां गईं जेल, चचिया ससुर की तलाश में दबिशें
- हत्या में प्रयुक्त हथियार व अन्य सामान बरामद

अमृत विचार Follow UP

### फांसी की सजा दिलवा कर रहूंगी

- पति विष्णु का शव देखकर पत्नी साक्षी बार-बार यही कह रही थी कि अब बहुत हो गया। किसी को नहीं छोड़ूंगी। हत्या करने के लिए बुलाया था। उसने पुलिस को बताया कि पति को बचाने का काफी प्रयास किया। आरोपियों ने उसे भी काफी पीटा। वह कह रही थी कि पिता तीर्थराज और चाचा नन्हें को तो फांसी की सजा दिलवाऊंगी। अपने पति की हत्या का केस खुद ही लड़ूंगी।

### गिले-शिकवे दूर करने के बहाने परिवार संग था बुलाया

- पिता छेदीलाल ने साजिश के तहत कॉल कर विष्णु यादव, साक्षी और डेढ़ साल बेटी को मिलने के लिए बुलाया था। तीनों लोग 17 मार्च को आशियाना के सेक्टर आई स्थित तीर्थराज के घर पहुंचे थे। रात करीब साढ़े आठ बजे विष्णु ने अपने भाई से बात कर ससुराल जाने की जानकारी दी थी। इसके कुछ घंटों बाद उसकी हत्या कर दी गई। यही नहीं ससुराल पक्ष ने पहले भी नाबालिग साली को अगवा, एससी-एसटी और पाक्सो एक्ट में एक साल जेल की हवा खिलायी थी।

### ये सामान हुआ बरामद

- पुलिस ने खून से लथपथ बाल लगे लकड़ी का पावा, दो टूटे हुए खून लगे पावे, खून साफ करने में इस्तेमाल रूई, चूड़ी के टुकड़े, दुपट्टा, कपड़ा, खून लगी शर्ट, पायल, मृतक की जेब से चाभी का गुच्छा, 170 रुपये, टूटा हुआ मोबाइल और पोटली से खून लगी शर्ट, पैंट बरामद हुई है।

### आपसी विवाद की बात कह घुमाता रहा तीर्थराज

- इंस्पेक्टर ने बताया कि अधिवक्ता तीर्थराज ने शुरुआत में घटना को आपसी विवाद बताकर गुमराह करने की कोशिश की और घर में घुसने से रोकता रहा। संदेह होने पर पुलिस ने जबरन गेट खोलकर प्रवेश किया। अंदर पोर्च में कार की आड़ में कवर से ढका विष्णु का शव मिला, जिसे वे ठिकाने लगाने की तैयारी थी।

## सिटी ब्रीफ

### अशोक अध्यक्ष, विनय बने महामंत्री


अशोक कुमार

**अमृत विचार, लखनऊ :** वेटरनरी फार्मासिस्ट संघ का गुरुवार को पशुपालन निदेशालय में प्रांतीय द्विवार्षिक अधिवेशन हुआ। इस दौरान अध्यक्ष पद पर अशोक कुमार, उपाध्यक्ष मनोज कुमार शाही, महामंत्री विनय कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष रजनीश कुमार वर्मा, संयुक्त मंत्री मयंकरपाल, ऑडिटर अवधेश कुमार यादव एवं प्रचार मंत्री पद पर अजीत प्रताप सिंह निर्वाचित हुए। डॉ. आलोक कुमार वर्मा निर्वाचन अधिकारी एवं उनकी टीम की देख- रेख में चुनाव सम्पन्न हुआ। दो दिवसीय अधिवेशन में प्रदेश के समस्त जनपदों के वेटनरी फार्मासिस्ट उपस्थित रहे।

### भाषा विवि में 22 से शुरु होगी प्रवेश प्रक्रिया

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में प्रवेश समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें आगामी शैक्षणिक सत्र हेतु प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में प्रवेश कार्यक्रम पर विचार करते हुए उसे भी स्वीकृति प्रदान करने पर सहमति बनी। समिति ने बीसीए, एमसीए, बीबीए, एमबीए, बीफार्म, डीफार्म, बीटेक, पत्रकारिता एवं एमटेक सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिखित परीक्षा एवं शेष में मेरिट के आधार पर प्रदान किया जाएगा। तकनीकी पाठ्यक्रमों में 50 प्रतिशत सीटें डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी के माध्यम से व शेष 50 प्रतिशत सीटें विश्वविद्यालय स्तर पर भरी जाएंगी। इस प्रस्ताव को अनुमोदन हेतु स्वीकार किया गया।


आलमबाग स्थित भूलेश्वर शिव श्याम मंदिर में दिन माता की पूजा करती महिलाएं। अमृत विचार


मां चन्द्रिका देवी मंदिर में लगी भक्तों की कतारें। अमृत विचार

# शहर के मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## नवरात्र के पहले दिन भक्तों ने की मां शैलपुत्री की पूजा और कलश स्थापना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हिंदू धर्म के प्रमुख पर्व चैत्र नवरात्रि की शुरुआत गुरुवार से हो गई। पहले दिन मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। राजधानी में सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं और पूरे शहर में भक्ति व उत्साह का माहौल नजर आया।

नवरात्रि के शुभारंभ पर भक्तों ने घरों में विधिपूर्वक कलश स्थापना की और नौ दिनों के व्रत का संकल्प लिया। पहले दिन मां शैलपुत्री को खीर का भोग अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की गई। घरों से लेकर मंदिरों तक दिनभर पूजा-अर्चना का क्रम जारी रहा।


चौक स्थित बड़ी काली जी की आरती करते पुजारी व भक्त। अमृत विचार

**भक्ति में डूबी राजधानी, हर ओर गूंजे जयकारे :** पूरे शहर में 'जय माता दी' के जयकारों और भक्ति गीतों से वातावरण भक्तिमय हो गया। भुय्यनदेवी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में परिवारों के साथ पहुंचे श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर मां से सुख-शांति की प्रार्थना की। नवरात्रि के पहले दिन लखनऊ पूरी तरह आस्था के रंग में रंगा नजर आया। श्रद्धालुओं का मानना है कि मां दुर्गा की आराधना से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और खुशहाली आती है।

### प्रमुख मंदिरों में विशेष सजावट और सुरक्षा के इंतजाम

- शहर के प्रमुख देवी मंदिरों में खास सजावट की गई है। चौक स्थित काली जी मंदिर, शास्त्रीनगर का मां दुर्गा मंदिर, चौपटिया का मां संदोहन मंदिर, चन्द्रिका देवी मंदिर और कालीबाड़ी मंदिर में भारी भीड़ उमड़ी। मंदिरों को फूलों और रोशनी से सजाया गया, जहां दुर्गा सप्तशती पाठ और विशेष आरती का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए, जिससे दर्शन व्यवस्था सुचारू बनी रही।

# चन्द्रकेतु की पुकार पर प्रकट हुई मां चंद्रिका

- गोमती तट पर बसे प्राचीन धाम में नवरात्र व अमावस्या पर उमड़ता है आस्था का सैलाब

संवाददाता, बख्शी का तालाब

**अमृत विचारः** आदि गंगा गोमती के पावन तट पर स्थित चंद्रिका देवी मंदिर आस्था, इतिहास और चमत्कार का अद्भुत संगम है। बख्शी का तालाब-सीतापुर मार्ग से लगभग 11 किलोमीटर दूर कठवारा गांव के समीप, तीन ओर से गोमती नदी से घिरे टापूनुमा क्षेत्र में स्थित यह प्राचीन शक्तिपीठ श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। नवरात्र और अमावस्या के अवसर पर यहां लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। भक्त अपनी मनोकामनाएं लेकर मां के दरबार में हाजिरी लगाते हैं और पूर्ण होने पर पुनः दर्शन के लिए आते हैं।

पौराणिक मान्यता के अनुसार, भगवान श्रीराम के अश्वमेध यज्ञ के दौरान लक्ष्मण पुत्र चन्द्रकेतु जब इस क्षेत्र में पहुंचे, तो घने जंगल और अंधकार से घिर गए। भयभीत होकर उन्होंने माता उर्मिला द्वारा बताए मंत्रों का जाप किया। तभी मां चंद्रिका ज्योति स्वरूप में प्रकट हुईं और पूरे वन को प्रकाश से भर दिया। प्रातःकाल चन्द्रकेतु ने सरोवर में स्नान कर मां का पूजन किया।

**पांडवों से जुड़ी आस्था भी जीवंतः** स्कंद पुराण में वर्णित कथा के अनुसार अज्ञातवास के दौरान पांडव यहां आए थे। भीम और बर्बरीक के बीच युद्ध की स्थिति बनी, जिसे नारद मुनि ने शांत कराया। यह भी मान्यता है कि चंद्रमा को इसी पवित्र कुंड में स्नान से रोगमुक्ति मिली थी।

### नवरात्र में विशेष व्यवस्था और सुरक्षा

- नवरात्र के पहले दिन मंदिर परिसर में भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पुरुष और महिलाओं की अलग कतारें बनाई गई हैं। सुरक्षा के लिए पुलिस बल और स्वयंसेवक तैनात रहते हैं। मंदिर समिति के अनुसार, श्रद्धालुओं के सहयोग और पर्यटन विभाग की मदद से विकास कार्य लगातार जारी हैं।

### सूखे मेवे का प्रसाद व भव्य आरती आकर्षण का केंद्र

- मंदिर के पुजारी के अनुसार, प्रतिदिन सुबह-शाम भव्य आरती होती है, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल होते हैं। मां को सूखे मेवे का प्रसाद अर्पित किया जाता है और मनोकामना पूर्ण होने पर श्रद्धालु चुनरी चढ़ाते हैं।

### आस्था और विश्वास का जीवंत केंद्र

- मां चंद्रिका का यह धाम केवल मंदिर नहीं, बल्कि श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र है। यहां आने वाला हर भक्त एक नई आस्था, सुकून और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव करता है।

# हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2083 शुरू : गुरु बने राजा, मंगल मंत्री

## 13 महीनों वाला विशेष वर्ष, ज्येष्ठ मास दो बार आएगा, धार्मिक अनुष्ठानों की संख्या बढ़ेगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2083 की शुरुआत 19 मार्च गुरुवार से हो गयी है। इस वर्ष की खास बात यह है कि इसमें 12 के बजाय 13 महीने होंगे, क्योंकि एक अधिक मास जुड़ रहा है। पंचांग के अनुसार इस बार ज्येष्ठ मास दो बार आएगा, जिससे धार्मिक अनुष्ठानों और व्रत-त्योहारों की संख्या भी बढ़ेगी।

ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार, गुरुवार से वर्ष शुरु होने के कारण इस संवत्सर के राजा गुरु (बृहस्पति) होंगे, जबकि मंत्री मंगल ग्रह होंगे। वर्ष का नाम रौद्र संवत्सर रहेगा। ज्योतिषाचार्यों का मानना है कि गुरु के प्रभाव से देशभर में आध्यात्मिक उन्नति, शिक्षा और ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिलेगी। साथ ही कृषि और उत्पादन क्षेत्रों में रिकॉर्ड सफलता के योग बन रहे हैं।

**मानसून बेहतर, लेकिन महंगाई बढ़ने की आशंका :** चंद्रमा की स्थिति इस वर्ष अच्छे मानसून की ओर संकेत कर रही है, जिससे खेती-किसानी को लाभ मिलेगा। हालांकि बुध के प्रभाव से महंगाई में तेजी आ सकती है। सोने-चांदी की कीमतों में इस साल तेज उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। सरकारी राजकोष में वृद्धि के संकेत हैं, लेकिन सुरक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में चुनौतियां बनी रह सकती हैं।


चौक क्षेत्र के कुडिया घाट पर सूर्य को अर्घ्य देकर नवसंवत्सर का स्वागत करते लखनऊ वासी।

### इन राशियों के लिए खास रहेगा लाभकारी वर्ष

- ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल के अनुसार, इस वर्ष गुरु और मंगल के प्रभाव से मेष, वृश्चिक, धनु, मीन राशि के जातकों को विशेष लाभ मिलेगा। इन राशियों के लोगों को कॅरिअर में उन्नति, धन लाभ और रोजगार के नए अवसर मिलने के प्रबल योग हैं।

### ग्रहों के अशुभ प्रभाव से बचने के उपाय

- ज्योतिषाचार्यों ने नकारात्मक प्रभावों से बचने के लिए कुछ उपाय भी बताए हैं : भगवान हनुमान जी की नियमित पूजा करें। भगवान शिव, माता दुर्गा और भगवान विष्णु की आराधना करें। महामृत्युंजय मंत्र का जाप करें। दुर्गा सप्तशती का पाठ करें।

### नवसंवत्सर पर निकली बधाई यात्रा

- **अमृत विचार, लखनऊ :** नवसंवत्सर की शुरुआत के अवसर पर पावन चिंतन धारा आश्रम के युवा अभ्युदय मिशन की ओर से बधाई यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा माता मंदिर मनकामेश्वर जूना अखाड़ा के महंत मनोहरपुरी महाराज के नेतृत्व में हुई। कार्यक्रम के संयोजक प्रशांत वर्मा ने हवन के उपरांत चंदन व पुष्प वर्षा कर उपस्थित जनसमूह को नवसंवत्सर की शुभकामनाएं दीं। प्रात: 10 बजे मानस मंदिर, डालीगंज से शुरू हुई इस यात्रा में क्षेत्रीय नागरिकों, व्यापारियों एवं युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। श्रद्धालु भगवा ध्वज के साथ अपने दोपहिया वाहनों पर शामिल हुए। यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए आठ नंबर चौराहा पहुंचकर दोपहर 2 बजे पूरी हुई। यात्रा में रामदरबार और भारत माता की आकर्षक झांकियां मुख्य आकर्षण रहीं। जगह-जगह पुष्प वर्षा व जलपान से स्वागत किया गया। संगठन पदाधिकारियों ने सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार और युवाओं को परंपराओं से जोड़ने पर बल दिया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

### बीबीएयू में हिन्दू नववर्ष पर ज्ञान परंपरा पर हुआ विमर्श

**अमृत विचारः** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य में भव्य महोत्सव का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नववर्ष चेतना समिति, लखनऊ एवं श्याम परिवार के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने हिन्दू दर्शन को वैश्विक जीवन-दृष्टि बताते हुए 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना को मानवता के लिए आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि सनातन विचारधारा संकीर्णताओं से परे विश्वबंधुत्व का संदेश देती है। विशिष्ट अतिथि कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने भारतीय ज्ञान परंपरा को वर्तमान वैश्विक संकटों का समाधान बताते हुए इसे जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान ने भारतीय संस्कृति को नैतिक और संतुलित जीवन का आधार बताया।

वहीं नववर्ष चेतना समिति के अध्यक्ष डॉ. गिरीश गुप्ता ने हिन्दू नववर्ष को समाज में पुनर्स्थापित करने के प्रयासों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति पर आधारित डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया तथा समिति के वार्षिक मुखपत्र 'नव चैतन्य वंदे मातरम्' और वेबसाइट का लोकार्पण भी हुआ। आयोजन में विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी, विद्यार्थी तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### केंद्रीय संस्कृत विवि में कार्यशाला का आयोजन

**अमृत विचार , लखनऊ :** केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के पालि अध्ययन एवं अनुसन्धान केन्द्र में अखिल भारतीय पालि संस्कृतच्छाया संशोधन-सम्पादन कार्यशाला चल रही है। इस कार्यशाला में पालि भाषा में रचित ग्रन्थों की संस्कृतच्छाया के साथ हिन्दी भाषानुवाद के गहन अध्ययन पक्षों पर विमर्श किया जा रहा है।

## सिटी डायरी

### मौलाना यासूब अब्बास ने ईरान एम्बेसी में दिया अली खामेनेई का पुरसा


शिया धर्मगुरु मौलाना यासूब अब्बास व अन्य।

**अमृत विचार, लखनऊ :** आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव और शिया धर्मगुरु मौलाना यासूब अब्बास ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित ईरान कल्चर हाउस में ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह सैय्यद अली खामेनेई के हिन्दुस्तान में नुमाइंदे आग़ा डॉ. अब्दुल माजिद हकीम इलाही व ईरान एम्बेसी में भारत में ईरान के राजदूत डॉ. मोहम्मद फ़तेह अली से मुलाक़ात कर उनको ईरान के सुप्रीम लीडर शहीद आयतुल्लाह सैय्यद अली ख़ामेनेई व अन्य शहीदों की ताज़ियत पेश की। मौलाना यासूब अब्बास ने ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड की ओर से दोनों ज़िम्मेदारों को ताज़ियतनामा पेश करते हुए शहीद आयतुल्लाह सैय्यद अली ख़ामेनेई साहब व शोहदा-ए- ईरान को सूरह-अल-फातेहा के ज़रिए इसाले सवाब किया।


कार्यक्रम में उपस्थित डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक व अन्य।

### नार्दर्न रेलवे मेन्स यूनियन भवन का उद्घाटन

**अमृत विचार, लखनऊ :** पुनर्निर्मित नार्दर्न रेलवे मेन्स यूनियन भवन का आर्या नगर में गुरुवार को उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल और ऑल इंडिया रेलवेमेंस फेडरेशन (एआईआरएफ) के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे भवन कर्मचारियों के संगठन और उनके कार्यों को मजबूती प्रदान करते हैं। महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि नए भवन से कर्मचारियों को बैठने, बैठकें आयोजित करने और संगठनात्मक गतिविधियों के लिए बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, जिससे कार्यप्रणाली अधिक सुगम होगी।


कार्यक्रम के दौरान मौजूद मराठी समाज के लोग।

### मराठी समाज ने मनाया गुड़ी पड़वा

**अमृत विचार, लखनऊ :** चौक चौराहे पर मराठी समाज ने गुड़ी पड़वा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। मराठी समाज के संस्थापक उमेश पाटील ने बताया कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को गुड़ी पड़वा का पर्व मनाया जाता है, जो नई फसल, समृद्धि और विजय का प्रतीक माना जाता है। मराठी परंपरा के अनुसार घरों और आयोजन स्थल पर गुड़ी स्थापित की गई। लगभग 10 से 12 फीट ऊंची दंडी पर नई साड़ी, उल्टा रखा तांबे का लोटा, फूलों की माला, बतासे और नीम की पत्तियां सजाई गईं। नारियल फोड़कर पूजा-अर्चना की गई और गुड़ी को विजय पताका के रूप में स्थापित किया गया।


लखनऊ की बालक व बालिका खो-खो टीम।

### लखनऊ टीम घोषित

**अमृत विचार , लखनऊ :** बिजनौर में 20 मार्च से आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय जूनियर खो-खो चैंपियनशिप के लिए लखनऊ की टीमों की घोषणा गुरुवार को कर दी गई। बालक वर्ग की टीम की कमान आनंद कुमार को सौंपी गई है, जबकि बालिका वर्ग में कामिनी को कप्तान बनाया गया है। अगुआ रोहित अग्रवाल ने खिलाड़ियों को किट वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

## पुस्तक मेला

### दिव्यांश पब्लिकेशन, हिन्द युग्म और किताब किंग की किताबों पर 20 फीसदी की छूट

# लखनऊ पुस्तक मेले में दूसरे शहरों से भी पहुंच रहे पाठक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** रवीन्द्रालय लॉन में चल रहे लखनऊ पुस्तक मेले में गुरुवार को दूसरे शहरों से भी पुस्तक प्रेमी पुस्तकें खरीदने पहुंचे। रायबरेली से दीपक और साथियों की टोली किताबें खरीदने पहुंची तो संडीला के विनोद और सीतापुर के अरिंदम आज दोबारा मेले में किताबों के बीच थे।

दिव्यांश पब्लिकेशन, हिन्द युग्म और किताब किंग की किताबों पर 20 फीसदी छूट मिल रही है। हिन्दी संस्थान के स्टाल पर डॉ. पीवी काणे की धर्मशास्त्र का इतिहास, डॉ. राजबली पाण्डेय की हिन्दू धर्मकोश, फिराक गोरखपुरी की उर्दू भाषा और साहित्य व डॉ. रमेश प्रताप सिंह की घाघ और भड्डरि की कहावतें की अच्छी बिक्री हो रही है। यहां सभी किताबों पर 15 प्रतिशत छूट है, जबकि कई पुस्तकों पर अधिकतम 60 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। एंजेल बुक रायपुर के स्टाल पर बुकर पुरस्कार प्राप्त गीतांजलि श्री की रेत समाधि व बच्चन की मधुशाला सहित हिन्दी साहित्य की बहुत सी किताबें 20 प्रतिशत छूट पर हैं तो अंग्रेजी बेस्ट सेलर नावल 500 रुपए में तीन मिल रही हैं। बच्चों के लिए यहां अमर चित्र कथाएं भी खूब हैं।


मेले में अपनी पसंद की पुस्तकें देखतीं युवतियां। अमृत विचार

साहित्यिक मंच पर प्रहर्ष फाउण्डेशन के आयोजन में मुख्य अतिथि भाजपा नेता राजीव मिश्र की उपस्थिति में विपिन शर्मा, टीपी हवेलिया, लेखक शरद आलोक और रामकृष्ण यादव को सम्मानित किया गया। सुमन दुबे के संयोजन व मुकुल महान के संचालन में अंशु दुबे की वाणी वंदना शारदेय दिन रैन जपूं तेरा नाम... से आज यहां कवि सम्मेलन शुरू हुआ। इसमें आलोक रंजन मिश्र, प्रमोद द्विवेदी, संजय मिश्र शौक इत्यादि ने गीत और मुक्तक पेश किये।

बृजमोहन अवस्थी की स्मृति में महेंद्र भीष्म की ओर से कृति और कृतिकार के नवें संस्करण में डॉ. सरला शर्मा के संचालन में राजेश कुमार सिंह श्रेयस के उपन्यास अचानक डूबता सूरज उग आया का विमोचन हुआ। कोहबर प्रकाशन द्वारा प्रकाशित इस पुस्तक पर चली चर्चा में महेंद्र भीष्म, दयानंद पांडेय व डॉ. महेश दिवाकर की उपस्थिति में श्रेयस के संग ही आर्यावर्ती सरोज, सत्या सिंह, डॉ. करुणा पाण्डेय, डॉ. अलका प्रमोद, पायल लक्ष्मी सोनू ने अपनी पुस्तकों पर बात रखी। इससे पहले आज के कार्यक्रमों की शुरुआत अच्छे इलाज के 51 नुस्खे के लेखक डॉ. संदीप कुमार से बातचीत से शुरू हुई। इसी क्रम में उत्कर्ष द्वारा शिवांशी श्रीवास्तव, अंचल पाण्डेय, अक्षिता सोलंकी और जगजीता की प्रस्तुतियों के बाद वंदे मातरम् पर संगोष्ठी हुई। संगोष्ठी में उप्र संगीत नाटक अकादमी के अध्यक्ष जयंत खोत, शैलेन्द्र दुबे, जय प्रकाश, विनीत चंद्र मिश्र, ओमकार सिंह आदि ने विचार व्यक्त किये। साथ ही अशोक टाटांबरी, शैलेन्द्र मासूम, श्रवण कुमार, किरन भारद्वाज, संचालक अटल नारायण, कल्पना तिवारी, लक्ष्मी रस्तोगी, सौरभ तिवारी और मालती बच्चन ने काव्य पाठ किया।

## सिटी ब्रीफ

### दो दिनों में चेक हुई सवा तीन लाख कॉपियां

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य ने रफ्तार पकड़ लिया है। लखनऊ मण्डल के 6 जिलों में कुल 23 मूल्यांकन केन्द्र बनाये गए हैं जिनमें हाईस्कूल की 1368042 और इंटरमीडिएट की कुल 1084129 उत्तर पुस्तिकाएं आवंटित की गई हैं। इस प्रकार लखनऊ मण्डल को हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट की कुल 2452171 उत्तर पुस्तिकाएं आवंटित हैं। जिनका मूल्यांकन कार्य पर मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार और उनकी टीम पैनी नजर रख रही है। समय सीमा के भीतर उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए विभाग युद्धस्तर पर कार्य प्रारंभ कर चुका है। मंडल में मूल्यांकन कार्य के दूसरे दिन 322041 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा चुका है।

### अवधी संरक्षण पर संगोष्ठी आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ में हिन्दुस्तानी एकेडमी उत्तर प्रदेश, बयार फाउंडेशन तथा नेशनल पीजी कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में "समकालीन संदर्भ में अवधी संरक्षण एवं संवर्द्धन" विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित हुई। प्राचार्य देवेंद्र कुमार सिंह ने लोकभाषाओं की सामाजिक उपयोगिता पर बल दिया। मुख्य अतिथि विद्याबिन्दु सिंह ने अवधी को भारतीय संस्कृति का आधार बताते हुए प्रवासी भारतीयों में इसकी लोकप्रियता रेखांकित की। अध्यक्षीय वक्तव्य में प्रो. हरिशंकर मिश्र ने अवधी के वैश्विक महत्व व उसके संरक्षण की आवश्यकता बताई। वक्ताओं ने बाजारीकरण से भाषाओं पर पड़ते प्रभाव पर चिंता जताई और अवधी को व्यवहार व रोजगार से जोड़ने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. रामकृष्ण ने किया।

### डॉ. मधु गुप्ता को मिला शोध अनुदान

**अमृत विचार , लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के जंतुविज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. मधु गुप्ता को पॉलीहर्बल फॉर्मुलेशन के मेटाबॉलिक बोन डिज़ीज पर अध्ययन हेतु आयुष मंत्रालय द्वारा अनुसंधान अनुदान दिया गया है। डॉ. मधु गुप्ता को एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट योजना के अंतर्गत 18.5 लाख रुपए का अनुसंधान अनुदान प्रदान किया गया है। डॉ. मधु गुप्ता का शोध मेटाबॉलिक बोन डिज़ीज़ (अस्थि संबंधी रोगों) के उपचार हेतु पॉलीहर्बल फॉर्मुलेशन पर केंद्रित है। इस शोध का उद्देश्य अस्थियों की मज़बूती बढ़ाने, खनिज घनत्व सुधारने और फ्रैक्चर जोखिम कम करने में पॉलीहर्बल फॉर्मुलेशन की चिकित्सीय क्षमता का वैज्ञानिक मूल्यांकन करना है।

### गौरांग रंजन सिंह ने गेट में बनाई पहचान



**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ निवासी और भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान सोनीपत के कंप्यूटर साइंस तृतीय वर्ष के छात्र गौरांग रंजन सिंह ने गेट 2026 परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय स्थान हासिल किया है। जारी परिणामों के अनुसार उन्होंने डेटा साइंस एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में ऑल इंडिया 362वीं रैंक तथा कंप्यूटर साइंस में 5159वीं रैंक प्राप्त की है। बीटेक के तीसरे वर्ष में रहते हुए दो कठिन तकनीकी विषयों में यह उपलब्धि हासिल करना अन्य छात्रों के लिए प्रेरणादायक माना जा रहा है। गौरांग के पिता अभय रंजन सिंह उत्तर प्रदेश शासन के गृह विभाग में अनु सचिव के पद पर कार्यरत हैं। गौरांग ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षक डॉ. अभिषेक कौशिक के मार्गदर्शन और माता-पिता के सहयोग को दिया है। उनकी इस उपलब्धि पर संस्थान में खुशी का माहौल है और सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### लखनऊ-कानपुर के बीच ड्रॉ रहा मैच

**अमृत विचार , लखनऊ :** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश और उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ के देखरेख में आयोजित अंडर-19 जूनियर बालक स्टेट फुटबॉल चैंपियनशिप में लखनऊ मंडल के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। अपने पहले मुकाबले में जीत दर्ज करने के बाद लखनऊ मंडल ने दूसरे मैच में कानपुर मंडल का सामना किया। मैच के दौरान दोनों टीमों के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिली। शुरुआत से ही दोनों पक्षों ने आक्रामक खेल दिखाने की कोशिश की, लेकिन मजबूत रक्षापंक्ति और गोलकीपरों के बेहतरीन प्रदर्शन के चलते कोई भी टीम गोल करने में सफल नहीं हो सकी। मुकाबले में दोनों टीमें गोल के लिए संघर्ष करती रहीं, लेकिन अंत में मैच 0-0 की बराबरी पर समाप्त हुआ।




आईआईएम के 40वें दीक्षांत समारोह में पदक प्राप्त छात्र-छात्राओं के साथ बजाज फिनसर्विव के संजीव बजाज, निदेशक प्रो. एमपी गुप्ता और चेयरपर्सन एन. चंद्रशेखरन व अन्य। अमृत विचार

# आईआईएम के गोल्ड पर छात्राओं का कब्जा

## जे. सौंदर्या और वंशिका को मिला बेस्ट ऑलराउंडर पदक , 8 छात्र-छात्राओं को मिले स्वर्ण पदक

- आईआईएम ने मनाया अपना 40वां दीक्षांत समारोह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** आईआईएम (भारतीय प्रबंधन संस्थान) ने अपना 40 वां दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जिसमें कुल 10 में से 8 स्वर्ण पदक छात्राओं ने अपने नाम किया। संस्थान की ओर से आरंभ किया गया आईआईएम 1997 रेशमा सिंहानिया मेडल फॉर बेस्ट गर्ल ऑल राउंडर का स्वर्ण पदक चेन्नई की छात्रा जे. सौंदर्या को मिला। जबकि हरिशंकर सिंहानिया मेडल फॉर बेस्ट ऑल राउंडर का पदक पटना की रहने वाली पीजी कोर्स की संचिता को मिला। दीक्षांत समारोह के दौरान कुल 807 छात्र-छात्राओं को उपाधियां दी गई। बोर्ड ऑफ गवर्नर के चेयरपर्सन एन. चंद्रशेखर ने इन छात्रों को उपाधियां प्रदान की और शपथ दिलाई।

दीक्षांत समारोह के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में बजाज फीनसर्व लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक संजीव बजाज उपस्थित रहे। एन. चंद्रेशखरन ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप किसी भी क्षेत्र में तकनीक और एआई का प्रयोग अवश्य करें। आपको हर हाल में टेक सेवी बनना होगा। उन्होंने वर्ष 2025-26 के दौरान संस्थान की उपलब्धियों पर खुशी प्रकट की।



दीप प्रज्ज्वलन करते बजाज फिनसर्विव के संजीव बजाज, निदेशक प्रो. एमपी गुप्ता व अन्य।



**गोल्ड मेडल मिलने की खुशी :** एक साथ गोल्ड मेडलिस्ट छात्राएं। अमृत विचार

### बोले मेधावी

मुझे चेन्नई में ही बोस्टन काउंसलिंग ग्रुप में सिनियर एसोसिएट की नौकरी मिली है। पैकज 40 लाख से अधिक है। मेरा चेन्नई में ही घर है तो मुझे खुशी है कि मेरे लिए कार्य करना आसान है। मैने लखनऊ आकर थोड़ी बहुत हिंदी सीखी है, हिंदी मै समझ जाती हूं लेकिन बोल कम पाती हूं।

■ जे. सौंदर्या, स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ता, बेस्ट गर्ल आल राउंडर स्टूडेंट अवार्ड

मेरा भी प्लेसमेंट बीसीजी ग्रुप दिल्ली में हुआ है। मेरा भी पैकेज 40 लाख से अधिक है लेकिन मुझे आईआईएम परिसर की हमेशा याद आएगी। मुझे उम्मीद नहीं थी कि मुझे बेस्ट गर्ल आल राउंडर अवार्ड मिलेगा। मुझे बेहद खुशी है।

■ वंशिका गोयनका, स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ता, बेस्ट गर्ल आल राउंडर स्टूडेंट अवार्ड

लक्ष्य स्पष्ट हो और दृढ़ संकल्प हो तो कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। मेरा प्लेसमेंट अमेरिकन एक्सप्रेस में हुआ है और पैकेज 30 लाख से अधिक है। मुझे यह मेडल प्राप्त करके बेहद खुशी हो रही है।

■ गार्गी म्हास्कर, हरिशंकर सिंहानिया मेडल फॉर बेस्ट ऑल राउंडर

मेरा घर पटना है, लेकिन लखनऊ आकर मुझे कभी नहीं लगा कि मै घर से दूर हूं। कठिन परिश्रम को कोई विकल्प नहीं होता। मेहनत करके कुछ भी हासिल किया जा सकता है।

■ संचिता, पीजीपी चेयरमैन मेडल

### इन्हें मिले पदक

- जे. सौंदर्या- चेयरमैन गोल्ड मेडल और आईआईएम 1997 रेशमा सिंहानिया मेडल फॉर बेस्ट गर्ल ऑल राउंडर
- वंशिता गोयनका - डायरेक्टर मेडल और आईआईएम 1997 रेशमा सिंहानिया मेडल फॉर बेस्ट गर्ल ऑल राउंडर
- संचिता- पीजीपी चेयरमैन मेडल
- गार्गी म्हास्कर- हरिशंकर सिंहानिया मेडल फॉर बेस्ट ऑल राउंडर का पदक
- रौनक डे-चेयरमैन गोल्ड मेडल
- कार्तिक गुप्ता- चेयरमैन गोल्ड मेडल
- बीनी श्रीवास्तव- डायरेक्टर मेडल
- अविनास दास- चेयरमैन गोल्ड मेडल

# चयन वेतनमान की लड़ाई भूख हड़ताल तक आई

- छह माह बाद भी नहीं लगा चयन वेतनमान, शिक्षकों में भारी आक्रोश
- एक अप्रैल को जिलाधिकारी कार्यालय पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल करेंगे शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से शिक्षकों का चयनित वेतनमान छह माह बीत जाने के बाद भी नहीं लगा है। जिससे शिक्षकों में आक्रोश है और सामूहिक भूख हड़ताल करने की तैयारी कर रहे हैं। शिक्षकों की 10 वर्ष की सेवा के उपरांत चयन वेतनमान का लाभ दिया जाना है। जबकि निर्धारित तिथि के 6 माह बीत जाने के बाद भी चयन वेतनमान के लिए शिक्षक भटकने को विवश हैं। हालांकि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा अधिकांश शिक्षकों का चयन स्वीकृत किया जा चुका है, लेकिन वित्त एवं लेखाधिकारी स्तर से रुचि नहीं ली जा रही है। कई शिक्षक संगठनों ने ज्ञापन देकर आंदोलन की चेतावनी दी है।

लखनऊ के शिक्षक हरिशंकर राठौर ने बताया कि मेरा चयन वेतनमान अक्टूबर 2025 में लगना था जिसके लिए ब्लॉक से लेकर जिले तक कई बार आग्रह किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सहयोग करते हुए 19 जनवरी को मेरा चयन वेतनमान स्वीकृत आदेश जारी किया। आशा थी कि जनवरी में चयन वेतनमान लग जाएगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसके बाद तीन बार वित्त एवं लेखा अधिकारी से निवेदन किया लेकिन सिर्फ आश्वासन ही प्राप्त हुआ। राठौर ने कहा कि यदि मार्च माह में मेरा चयन वेतनमान नहीं लगा तो चयन वेतनमान लंबित होने से दुखी होकर 1 अप्रैल से कार्यालय जिलाधिकारी पर भूख हड़ताल के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

> कई जिलों में चयन वेतनमान पर अधिकारियों की लापरवाही सामने आई है। राजधानी में पूर्व में एक शिक्षक द्वारा आत्मदाह करने की घटना हो चुकी है। ये स्थितियां अधिकारियों की घोर लापरवाही को दर्शाता है जो की अति निंदनीय है।
>
> -सुशील कुमार पांडे, अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने आरोप लगाया कि जिले में सैकड़ों शिक्षकों का चयन वेतनमान सितंबर माह से आज तक लंबित है। विभिन्न विकासखंडों से एक दर्जन से अधिक प्रकरणों में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा आदेश निर्गत होने के बाद भी भुगतान नहीं हो पाया है। शिक्षकों का कहना है कि वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय द्वारा तकनीकी आपत्तियों के आधार पर प्रकरणों को रोका जा रहा है।

### एआई से पीएचडी थीसिस लिखना बना मुसीबत

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में 2024-25 सत्र के दौरान जमा की गई पीएचडी थीसिस पर प्लेजरिज्म का आरोप लगा है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियमों के अनुसार 10 प्रतिशत से अधिक होने पर इसे निरस्त कर दिया जाता है जबकि विश्वविद्यालय छात्रों ने इससे अधिक प्रयोग किया है। यह खुलासा ड्रिलबिट सॉफ्टवेयर से हुआ है जो कि इंटरनेट से कॉपी की गई सामग्री और एआई की मदद लेने पर तथ्यों का खुलासा करता है। आंकड़ों के अनुसार 121 में से 116 थीसिस में काफी समानता पाई गई है, जो कि यह संकेत देता है कि कई मामलों में शोध कार्य सोचने की प्रक्रिया से अधिक "जनरेट" करने का माध्यम बनता जा रहा है। विश्वविद्यालय इस मामले को लेकर गंभीर है। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता और एआई के विशेषज्ञ डॉ. मुकुल श्रीवास्तव का कहना है कि नियम से अधिक प्लेजरिज्म पाया जाता है, तो उसे स्वीकार नहीं किया जाता। यह नियम सभी विश्वविद्यालयों पर लागू हैं और लखनऊ विश्वविद्यालय इस मामले में सख्त है। कई शोधार्थियों का कहना है कि पहले मेहनत और शॉर्टकट कागज पर एक जैसे दिखते थे, लेकिन अब दोनों के बीच का अंतर स्पष्ट रूप से मापा जा रहा है। लाइब्रेरी में बिताए गए लंबे घंटे अब मायने रखने लगे हैं।

# एकेटीयू में बनेंगे चार सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

- एकेटीयू के वित्त समिति की बैठक में बजट को मिली मंजूरी
- 150 करोड़ रूपये के बजट से बनेगा एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय की अध्यक्षता में वित्त समिति की बैठक हुई। बैठक में नये वित्तीय वर्ष के लिए 1187.62 करोड़ रूपये के बजट को अनुमोदन प्रदान किया गया। बजट में विश्वविद्यालय को नई तकनीकी से लैस करने के लिए चार सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी है। प्रदेश में नई तकनीकी को युवाओं के लिए सुलभ बनाने के लिए विश्वविद्यालय परिसर में एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, आईओएस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, स्पेस टेक्नोलाजी ऑफ एक्सीलेंस, साइबर फारेंसिक इन्वेस्टिगेशन टेक्नोलाजी में चार सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने के लिए बजट पास किया गया है।

विश्वविद्यालय परिसर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में नवाचार, अनुसंधान, कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए 150 करोड़ रूपये के बजट से एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाया जाएगा। यह सेंटर हब एंड स्पोकेन माडल पर विकसित किया जाएगा। इसके जरिये विश्वविद्यालय में एआई आधारित स्टार्टअप्स, इनोवेशन, शिक्षकों का प्रशिक्षण आदि कार्य किये जाएंगे। ताकि प्रदेश में एआई को तेज गति से इस्तेमाल किये जाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा विश्वविद्यालय में आईओएससेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने के प्रस्ताव को हरी झंडी दी गयी है। इसके तहत कम्प्यूटर आधारित मैक लैब में नई उभरती तकनीकी जिसमें, ऐप विकसित करने से लेकर एमएल, क्रिएटिव कम्प्यूटिंग सहित अन्य तकनीकी में छात्रों को प्रशिक्षित करने में मदद मिलेगी।

साइबर फारेंसिक इन्वेस्टिगेशन टेक्नोलाजी के क्षेत्र में चार सेंटर आफ एक्सीलेंस बनाने के प्रस्ताव को भी बजट में मंजूरी दी गयी। जिसमें सेंटर आफ एक्सीलेंस इन साइबर सिक्योरिटी एंड डिजिटल फारेंसिक, इंटीग्रेटेड सेंटर फार क्राइम सीन इन्वेस्टिगेशन, बिहैवरल फारेंसिक एंड इंवस्टिगेटिव साइकोलाजी, सेंटर आफ एक्सीलेंस इन फारेंसिक एकाउंटिंग एंड फाइनेंसियल इंवेस्टिगेशन और सेंटर आफ एक्सीलेंस इन साइबर सिक्योरिटी स्थापित किया जाएगा।

### 'स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज' मुद्दे पर यूथ पार्लियामेंट में जोरदार बहस

**अमृत विचार, लखनऊ :** नेशनल पीजी कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग तथा नेशनल यूथ पार्लियामेंट स्कीम के संयुक्त तत्वावधान में यूथ पार्लियामेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान 'स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज' सहित विभिन्न समसामयिक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर गंभीर और व्यापक चर्चा हुई। विशेष रूप से ईरान-इजराइल-अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव और उसके वैश्विक प्रभावों पर प्रतिभागियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. देवेन्द्र कुमार सिंह तथा राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेन्द्र मणि त्रिपाठी सहित डॉ. अमित गुप्ता, डॉ. उपासना सिंह, डॉ. सृष्टि सिन्हा, डॉ. जूही श्रीवास्तव एवं डॉ. सिमरन पाठक उपस्थित रहे।

# दोनों टीमों से बल्लेबाजी करते दिखे ऋषभ पंत



अभ्यास मैच में बैटिंग करते ऋषभ पंत। अमृत विचार



गेंदबाजी करते मो. शमी। अमृत विचार

### नन्हे प्रशंसकों के साथ बिताया समय

■ मैच के दौरान अकादमी के नन्हे क्रिकेटर्स अपने पसंदीदा सितारों को करीब से देखने आए। ऋषभ पंत ने इन बच्चों के साथ ऑटोग्राफ दिए और तस्वीरें खिंचवाईं, जिससे बच्चों में खुशी की लहर दौड़ गई।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सीजन की तैयारियों में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) की टीम पूरी तरह जुटी है। दो दिन के प्रशिक्षण के बाद एलएसजी ने गुरुवार को गैलेक्सी स्पोर्ट्स स्टेडियम में एक रोमांचक अभ्यास मैच खेला। इस मैच में एलएसजी के कप्तान ऋषभ पंत आकर्षण का केंद्र बने। खास बात यह रही कि पंत ने न केवल अपनी टीम के लिए बल्कि प्रतिद्वंद्वी टीम काशी रुद्रा की ओर से भी बल्लेबाजी कर अपनी मैच फिटनेस और शानदार फॉर्म का प्रदर्शन किया। एलएसजी की कप्तानी में पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम ने स्कोरबोर्ड पर बड़ा लक्ष्य रखा। कप्तान पंत के साथ अर्शीन कुलकर्णी और शहबाज अहमद ने मैदान के हर कोने में चौके-छक्कों की बरसात कर आक्रामक बल्लेबाजी का लोहा मनवाया। वहीं, काशी रुद्रा की ओर से मोहम्मद शमी, आवेश खान और मोहसिन खान ने अपनी घातक स्विंग और सटीक बाउंसरों से एलएसजी के बल्लेबाजों की परीक्षा ली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी काशी रुद्रा टीम के लिए भी पंत दोबारा क्रीज पर उतरे। उन्होंने मुकुल चौधरी, शुभम और अभिषेक के साथ मिलकर धमाकेदार बल्लेबाजी की। उनके गगनचुंबी शॉट्स ने स्टेडियम में मौजूद दर्शकों को रोमांचित कर दिया। एलएसजी की ओर से गेंदबाजी में मयंक यादव और दिग्वेश राठी की तेज़ और सटीक गेंदबाजी प्रभावित रही।

## सिटी डायरी



चैंपियन बनने वाली लखनऊ हैंडबॉल टीम के खिलाड़ी।

### लखनऊ फिर बना चैंपियन, मेरठ को हराकर जीता स्वर्ण

**अमृत विचार, लखनऊ :** अमेठी में आयोजित राज्य सीनियर पुरुष आमंत्रण हैंडबॉल चैंपियनशिप में लखनऊ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। 17 से 19 मार्च तक चली इस प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में लखनऊ ने मेरठ को 43-36 के अंतर से हराकर लगातार दूसरे वर्ष खिताब पर कब्जा जमाते हुए अपना दबदबा कायम रखा। फाइनल मुकाबले में लखनऊ की जीत के हीरो गोलकीपर शशिशंकर पाण्डेय रहे, जिन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए टीम को मजबूती प्रदान की। उनके अहम बचावों ने मैच का रुख लखनऊ की ओर मोड़ दिया। इससे पहले सेमीफाइनल में लखनऊ ने वाराणसी को 40-32 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। वहीं लीग चरण में टीम को पूल ए में गोरखपुर, मिर्जापुर, बस्ती और अयोध्या के साथ रखा गया था।



सेवा योजना शिविर में भाग लेते युवा।

### सेवा योजना शिविर का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** अयोध्या रोड स्थित विजडम वे प्रोग्रेसिव इंटर कॉलेज, चिनहट की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन संपन्न हुआ। यह शिविर 13 मार्च से नंदपुर स्थित एनडब्ल्यूपी इंटर कॉलेज में आयोजित किया गया था। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने समाज सुरक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता और स्वच्छता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें स्थानीय लोगों ने सराहा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एन डब्ल्यू पी इंटर कॉलेज के प्रबंधक प्रिंस विश्वकर्मा, अंग्रेजी प्रवक्ता मोहम्मद अजीज खान, विज्ञान प्रवक्ता सोनू यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम अधिकारी सुशील कुमार द्विवेदी ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए उनके कार्यों की सराहना की।



ओएनजीसी बिल्डिंग का निरीक्षण करते कुलपति।

### अब ओएनजीसी बिल्डिंग में चलेंगी बीसीए की कक्षाएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में बीसीए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बीसीए साइबर सिक्योरिटी, एमएससी, साइबर सिक्योरिटी, स्नातकोत्तर डिप्लोमा, साइबर सिक्योरिटी की कक्षाएं अब ओएनजीसी बिल्डिंग के खाली कमरों में संचालित की जाएगी। इसे लेकर कुलपति ने कंम्प्यूटर विभागाध्यक्ष को निर्देश दिया है। कुलपति ने ओएनजीसी बिल्डिंग का दौरा किया और कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कुलपति ने निर्देश दिया कि सभी स्वच्छकारों को प्रो. एन.के. सिंह की देखरेख में कार्य करने के लिए लगाया जाए।



लविवि में एनएसएस शिविर के प्रतिभागी ।

### एनएसएस विशेष शिविर का आयोजन

**अमृत विचार , लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के समाजकार्य विभाग ने सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर का आयोजन किया। डॉ. रमेश कुमार त्रिपाठी और डॉ. अन्विता वर्मा के नेतृत्व में दो इकाइयों के 50-50 छात्र शामिल हुए। प्रतिभागियों ने मनकामेश्वर वार्ड में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया। डॉ. आर. के. त्रिपाठी ने मानसिक स्वास्थ्य पर व्याख्यान दिया।